कृषि कुंभ
हिंदी मासिक पत्रिका

खण्ड 03 भाग 08, (जनवरी, 2024)
पृष्ठ संख्या 56–57

मक्का, सोयाबीन, चना में कीट एवं रोग प्रबंधन की रोकथाम हेतु जैविक उपाय

डॉ. रिंकेश सिटोले[1] एवं केशरीनाथ त्रिपाठी[2]
[1]सहायक परियोजना प्रबंधक (कृषि),
अर्पण सेवा संस्थान, सीहोर
[2]शोध विद्यार्थी, एल.एन.सी.टी. विश्वविद्यालय, भोपाल, भारत।
Email Id: rinkeshsitole@gmail.com

नीमास्त्र

प्रभावित करने वाले कीट – रस वाले कीट इल्ली, छोटी सुंडी, तंबाकू की इल्ली आदि।

सामग्री – 5 किलो नीम की पत्ती, 5 किलो नीम की निंबोली, 5 लीटर गोमूत्र, एक किलोग्राम गाय का गोबर।

बनाने की विधि – सर्वप्रथम प्लास्टिक के या मिट्टी के बर्तन में 5 किलोग्राम नीम की पत्तियों को कूटकर डालें, एवं पांच किलोग्राम नीम की निंबोली को कूटले या पिसले और गोमूत्र में डाल दें, फिर 5 लीटर गोमूत्र और गोबर को डालकर के सारी सामग्री को अच्छी तरह से मिलाए एवं 48 घंटे तक रखें इसके बाद यह तैयार हो जाएगा इसी बीच डंडे से दोनों

दिशाओं में उसको घुमाते रहे जब तक कि उसमें रवे बनने लगे।

भंडारण एवं सावधानियां– नीमास्त्र को एक बार बनाने के बाद 6 महीने तक उपयोग किया जा सकता है जिसको मिट्टी या प्लास्टिक के बर्तन में भरकर छाया में रखें सएवं धूप से बचाए गोमूत्र प्लास्टिक के बर्तन में ले।

उपयोग – इसका उपयोग बहुत ही आसान है प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में तैयार 10

लीटर नीमस्त्र को छानकर मिलाएं और स्प्रे मशीन से छिड़काव करते हैं, फसल के बचाव के लिए हर 8 से 10 दिन के अंतर पर स्प्रे करते रहे।

जैविक चटनी

सामग्री –

1. हरी तीखी मिर्च 500 ग्राम
2. लहसुन 500 ग्राम
3. प्याज 500 ग्राम
4. अदरक 500 ग्राम
5. पानी

उपरोक्त सामग्री पीसकर चटनी बना लें, तत्पश्चात 6–8 लीटर गुनगुने पानी में डालकर 30 मिनट धीमी आंच पर उबाले एवं 5 से 6 घंटे के लिए रख दे। बाद में कपड़े या चलनी से छान लेंस तथा 500 उस को 16 लीटर वाले पंप में पानी मिलाकर स्प्रे करें। जो मुख्य रूप से छोटी से मध्यम आकार की इल्ली, माइट्स, लाल मकड़ी के नियंत्रण हेतु अत्यंत कारगर सिद्ध हुई है, जिसका प्रयोग करने के पश्चात किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक खाद तथा दवाओं से छुटकारा मिलेगा तथा वह अपनी आय को बढ़ाकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकेंगे।

वैज्ञानिक आधार:

लहसुन–इलायसीन, प्याज–सल्फर, अदरक– जिंजीरोल, हरी मिर्ची कैप्शसिन,।

लहसुन

हरी मिर्ची

अदरक

प्याज